## पृष्टभूमि

बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन की स्थापना भारत सरकार से सैद्वान्तिक अनुमोदन प्राप्ति के बाद मई 1999 मे हुई। एसोसिएशन का पंजीकरण सोसायटी पूंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत 22 मई 1999 को हुआ। यह बॉम्बे सैपर्स के सेवारत और सेवानिवृत अधिकारियों, जे.सी.ओ एवं अन्य पद के सदस्यों की एक अद्वितीय एसोसिएशन है।

वर्तमान अध्यक्ष ले. जर्नल माइकल मैथ्यूज, वी. एस. एम**, कर्नल कमाण्डेन्ट 'द बॉम्बे सैपस' हैं जिनके सर्मथ मार्गदर्शन में बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन (BSA) एक जीवंत संगठन के रूप में कार्य कर रही है।

एसोसिएशन 18 दिसम्बर 2017 को 47401 सदस्यों तक विकसित हो गया है (अधिकारी 1634, जे.सी.ओ / अन्य पद 4576)। एसोसिएशन का कार्यालय बी.ई.जी. एवं केन्द्र में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है तथा एसोसिएशन का एक अनुभाग चण्डीगढ़ में खोला गया है।

बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन (BSA), एसोसिएशन के ज्ञापन तथा नियमों एवं अधिनियम द्वारा प्रशासित है। बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन आयकर अधिनियम के अनुभाग 80G के तहत एसोशिएशन को दिए गयें दान पर, कर छूट का दावा करने के लिए प्रमाण – पत्र जारी करने के लिए अधिकृत है।

## उद्वेश्य

BSA का उद्वेश्य दल भावना को बढावा देना तथा बॉम्बे सैपर्स के सेवारत और सेवानिवृत दोनो कर्मियों एवं उनके परिवारों के सामान्य कल्याण के मामलों को बढावा देना।

## लक्ष्य

* सदस्यों को पुराने साथियों के रूप में समर्थ बनाना जिससे कि वे एक–दूसरे के साथ एवं बॉम्बे सैपर्स के साथ सम्पर्क में रहें ताकि इसके सदस्यों के बीच में भाइचारे और मैत्री की भावना को बढावा और प्रोत्साहन मिल सके।
* इसके सदस्यों एवं परिवारों के मध्य में दलभावना और सामाजिक संम्पर्क को बढावा देना।
* ऐसी अन्य गतिविधियों में व्यस्त करने के लिए जो कि उपरोक्त लक्ष्यों की प्रप्ति में प्रासंगिक या सहायक हो सकती है।
* सेवानिवृत एवं उनके परिवार के सदस्यों तथा विधवाओं के पुनर्वास में सहायता करना।
* कल्याणकारी गतिविधियों शुरू करने के लिए।
* संस्था की सभी आय, कमाई, चल, अचल सम्पत्तियों को सिर्फ इसके लक्ष्य एवं उद्वेश्यों को बढावा देने के लिए उपयोग एवं लागु किया जाएगा।

## कल्याणकारी योजनाएँ

(अ) बी.एस.ए. शिक्षा छात्रवृत्ति है :– यह एक योग्यता आधारित छात्रवृति है जो कि बॉम्बे सैपर्स के सेवारत/सेवानिवृत और उनकी विधवाओं के कक्षा पाँचवी से बारहवी कक्षा में पढ रहे बच्चों की प्रति वर्ष दी जाती है (छात्रवृति की राशी प्रत्येक को रू. 800/- से रू. 1200/- है)।

(ब) विधवाओं के बच्चों को शिक्षा अनुदान (EGCW) :– बॉम्बे सैपर्स की विधवाओं को यह अनुदान उनके बच्चों के लिए नर्सरी से स्नातक तक दिया जाता है। (प्रति वर्ष प्रति बच्चा रू. 2400/- से रू. 5000/- की राशी व्यय की जाती है।

(स) व्यवसायिक कोर्सो के लिए अनुदान :– इस अनुदान के लिए प्रतिवर्ष 10 ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे चुने जाते हैं जो इजिनियरिंग/ मेडिकल/ एम.बी.ए. और होटल मैनेजमैन्ट के कोर्स कर रहे हैं। उन्हे प्रतिवर्ष रू. 10000/- की राशि सम्बन्धित कोर्स की अवधि के लिए प्राप्त होती है।

(ड) मधुरी गुप्ता छात्रवृत्तिः– प्रतिवर्ष ऐसे दो प्रतिभाषाली छात्रों को प्रत्येक रूपये एक लाख की छात्रवृति दी जाती है जिन छात्रो ने बी.टेक/MBBS कोर्स मे प्रवेश पाया है (जो कि आई.आई.टी. में दाखिले हेतु JEE ऐडवांस परीक्षा के लिए योग्यता प्राप्त हो एवंम MBBS के NEET परीक्षा में 15% सरकारी कोटा सीट की आर्हता प्राप्त करने के बाद प्रवेश लिया है)। यह राशी रू. 25,000/- प्रतिवर्ष की चार सालाना किस्तों में व्यय की जाती है। यह छात्रवृति कर्नल एन.सी.गुप्ता (रिटा.) द्वारा वित्त पोषित हैं।

(ई) विधवाओं को बेटी की शादी के लिए अनुदान :– विधवाओं को उनकी बेटी की शादी के अवसर पर रू. 25000/- दिये जाते है। जैसे ही बेटी की शादी तय हो जाती है तब इस अनुदान को प्राप्त करने के लिए शादी का निमत्रंण पत्र और ग्रमम पंचायत/जिला सैनिक कल्याण अधिकारी/पार्षद से सर्टिफिकेट इस कार्यालय में भेजा जाना अनिवार्य हैं।

(फ) NOK को तत्तकाल अनुदान :– जे.सी.ओं./अन्य पद की, सेवा में रहते हुए मुत्यु हो जाने पर NOK को रू. 10,000/- का तत्तकाल अनुदान दिया जाता है।

(ग) संकट अनुदानः– बी.सी.ए ऐसे सेवारत और सेवानिवृत सैनिकों को जो कि संकट में हैं रू. 10,000/- तक का वित्तिय अनुदान देता है। जैसे कि – प्रकृतिक आपदा से भारी नुकसान, गंभीर विकलांगता आदि के मामले में सैनिक एवंम उनव बच्चे की सहायता करना। यह विधवा और अनाथों को भी संकट में सहायता देता हैं।

(ह) इन्दिरा दसन्नाचार्य छात्रवृत्ति :– गुरुनाम ब्वॉज एकेडमी में रह रहे विधवाओं के पाँच बच्चों को रू. 3000/- प्रत्येक की छात्रवृति प्रदान की जाती है। यह छात्रवृति कैप्टन आर दसन्नाचार्य (रिटा.) द्वारा वित्त पोषित है और हर साल 15 अगस्त को प्रदान की जाती है।

(ज) गुरनाम ब्वॉज एकेडमी :– बी.एस.ए. लगभग 5 लाख रूपयें की वित्तीय सहायता हर साल गुरनाम ब्वॉज एकेडमी को देती है जहां पर बाँम्बे सैपर्स के बच्चे अपनी पढाई करने एवं कैरियर बनाने के लिए दाखिला लेते हैं। लडकों को उनकी प्रवृती के आधार पर अच्छे नागरिक बनने और सशत्र सेनाओं या सिविल में अधिकारी बनने की प्ररेणा एवं प्रशिक्षण दिया जाता है।

(क) सैपर सरायः– बी.एस.ए. ने पुणे, अमृतसर, जलन्धर और दिल्ली में चार सैपर सराय बनाई है जहां पर सदस्य अल्प अवधी के लिए रूक सकते हैं।

(ल) किसी अन्य रूप में सहायता :– बी.एस.ए. सभी सदस्यों को किसी भी प्रकार की सहायता एवं सूचना प्रदान करने के लिए एक नोडल बिन्दु के रूप में कार्य करता हैं। युनिटों / बटालियनों के सभी कमान अधिकारी नोडल अधिकारी के तौर पर कार्य करते हैं।

## दान के लिए अपील

सभी प्रकार के दान 'द बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन' के नाम पर देय क्रॉस चैक द्वारा हमारे पते पर भेजे जा सकते हैं या दानकर्ता सीधे हमारे एस.बी.आई बैंक में दान भेज सकते है। SBI अकॉउंट का विवरण नीचे दिया गया हैं :–

आकाऊंट का नाम : बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन
अकाँऊंट नम्बर : 10655958827
ब्रान्च का नाम : एस.बी.आई., बी.ई.जी., खडकी
IFSC कोड : SBIN0009063




पुराणा ग्रुप म्युजिअम




गुरूग्राम अॅकेडमी कि नई इमारत




बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन का कार्यालय

BOMBAY SAPPERS ASSOCIATION

BSA

बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन

रजि. कार्यालय

**बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन**

हेडक्वार्टरर्स बी.ई.जी. अॅण्ड सेंटर खडकी,

पुणे – 411 003 फोन : 020-65004424

वेब : www.bsakirkee.org

ई–मेल : bsakirkee@gmail.com

BOMBAY SAPPERS ASSOCIATION

BSA

बॉम्बे सैपर्स एसोसिएशन



# BROCHURE